<u>एमसीएल में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक 54वीं बैठक संपन्न</u>

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में दिनांक 26.07.2017 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 54वीं बैठक महाप्रबंधक(प्रबंधन प्रशि.सं./राजभाषा/मानव संसाधन विकास),एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इनके अतिरिक्त बैठक में मुख्यालय स्थित विभागों के विभागाध्यक्ष, क्षेत्रों के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक/ मुख्य नामित राजभाषा अधिकारी,नामित राजभाषा अधिकारी के साथ-साथ भारत सरकार, हिंदी शिक्षण योजना, संबलपुर के हिंदी प्राध्यापक डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा उपस्थित हुए।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी,सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा) ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया। श्री कलिहारी ने गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट की पुष्टि की। पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से मार्च,2017 एवं जून,2017 तिमाहियों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया जिसकी बैठक में समीक्षा की गई।

अध्यक्ष महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि एमसीएल राजभाषा नीति का शत-प्रतिशत अनुपालन करने हेतु कृत संकल्प है। इसके लिए अपनी मानसिकता में थोड़ा बदलाव करने की आवश्यकता है। राजभाषा लक्ष्यों के अनुरूप हमें अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करके अपने संवैधानिक दायित्व के निर्वहन पर विशेष ध्यान आकृष्ट किया । आगे उन्होंने कहा कि क्षेत्रों एवं विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति को और बेहतर बनाने हेतु हम सभी को अपने कार्यालयीन कार्य राजभाषा हिंदी में करना आवश्यक है। राजभाषा नीति एवं नियमों के पूर्ण अनुपालन की जिम्मेवारी कार्यालय/विभागीय/क्षेत्रीय प्रमुख की होती है।

डॉ. हरिश्चंद्र शर्मा,हिंदी प्राध्यापक,हिंदी शिक्षण योजना,भारत सरकार, संबलपुर द्वारा एमसीएल में चलाये जा रहे हिंदी भाषा प्रशिक्षण पर संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। आगे उन्होंने प्रशिक्षण की कक्षाओं में उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिए जाने की सलाह दी तथा परीक्षाओं में अधिक से अधिक संख्या में कार्मिकों के उपस्थित रहने हेतु आवश्यक कदम उठाने हेतु आग्रह किया।

श्री बी.आर. साहू कलिहारी, सहायक प्रबंधक(सचिवीय/राजभाषा),राजभाषा विभाग,मुख्यालय द्वारा बैठक के सफल संचालन के साथ-साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।